महात्मा गाँधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय,
चित्रकूट सतना (म.प्र.)

अतिथि व्याख्याताओं **(GUEST FACULTY)**(मासिक/दैनिक/कालांशवार अध्यापन हेतु) आवेदन पत्र भरने हेतु दिशानिर्देश

1. सभी आवेदक निर्धारित तिथि एवं समय पर विश्वविद्यालय परिसर में स्थित, रजत जयन्ती भवन के पास तुलसी भवन में उपस्थित होवें।
2. सभी आवेदकों के उपस्थिति पत्रक पर हस्ताक्षर तुलसी भवन में होंगे।
3. सभी आवेदक आवेदन पत्र विश्वविद्यालय की वेबसाइट से डाउनलोड कर दिये गए निर्देशों के अनुरूप भरकर समस्त स्वहस्ताक्षरित शैक्षणिक व अन्य अभिलेखों एवं फोटोसहित आवेदन पत्र के साथ संलग्न कर उपस्थित होवें।
4. आवेदन पत्र में दिये गए निर्देशानुसार स्कोर की गणना कर निर्धारित स्थान पर अंकित करें। स्कोर का जोड़ दशमलव के दो अंकों तक उल्लिखित किया जाए।
5. निर्धारित तिथि एवं समय से आवेदन पत्र प्रस्तुत न करने एवं व्यक्तिगतरूप से उपस्थिति न होने पर ऐसे आवेदनों पर कोई विचार नही किया जाएगा।
6. एक से अधिक विषयों में यदि आवेदन करना हो तो सभी विषयों के लिए पृथक-पृथक आवेदन पत्र समस्त अभिलेखों के साथ जमा करना अनिवार्य होगा।
7. आवेदन पत्र में संलग्न पत्र के प्रमाणन हेतु मूल अंक सूची, प्रमाणपत्र एवं अन्य अभिलेख साथ लाना अनिवार्य होगा। इसके अभाव में उक्त पत्र मान्य नही होगा।

कुलसचिव